>

Title: Need to improve basic amenities in Duranto trains on New Delhi – Lucknow and Allahabad – New Delhi routes.

राजकुमारी रत्ना सिंह (प्रतापगढ़): देश में नई रेल सेवा दुरन्तों आरम्भ की गई है। यह रेल सेवा काफी अच्छी है और अपने गन्तव्य स्थान पर कम समय पर पहुंचाती है और यह सेवा देश में बढ़ती रेल यात्रा की मांग को पूरा करने में काफी सफल हुई है, परंतु यह रेल सेवा जितनी अच्छी है उतनी इस रेल सेवा में सुविधाएं नहीं हैं। इलाहाबाद से नई दिल्ली एवं नई दिल्ली से लखनऊ के बीच चलने वाली इस रेल सेवा में मैं यात्रा करती हूं। इस रेल सेवा में कॉकरोच काफी मात्रा में पाये जाते हैं जो सोते हुए रेल यात्रियों के ऊपर गिर जाते हैं और बिस्तरों में खटमल हैं, जिसके कारण मुझे दो बार इन्फेक्शन हो गया और मुझे घर से अपने कम्बल ले जाने पड़ते हैं। शौचालय की दशा भी बहुत खराब है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि जिस तरह की यह रेल सेवा है उसी तरह की इसमें अच्छी बुनियादी सेवाएं उपलब्ध करवाई जायें और इस रेल सेवा में सफाई का विशेÂा ध्यान दिया जाये नहीं तो विदेशों से आने वाले पर्यटक इस रेल सेवा का उपयोग करने से कतरायेंगे।